## एक नजर में

### उत्कृष्ट कार्य के लिए किया सम्मानित



**सनावद, निप्र।** निमाड़खेड़ी रेल्वे स्टेशन पर अपनी से सेवाएं दे रहे हे श्री संजीत कुमार स्टेशन मास्टर को उत्कर्ष सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। श्री संजीत द्वारा बताया कि राजेश जैन टीआई सनावद स्टेशन एवं श्री हरिराम मीणा ARO इंदौर के मार्गदर्शन में किए कार्यों के कारण यह अवार्ड DRM सर रतलाम में प्राप्त हुआ है द्य उनके अवार्ड प्राप्ति पर परिवारजनों मित्रगणों एवं समस्त स्टाफ द्वारा उन्हें बधाइयां दी गई।

### विशेष अभियान अंतर्गत 55 हजार रूपए की अवैध शराब की जब्त




**कसरावद, निप्र।** आबकारी आयुक्त म.प्र. द्वारा जारी निर्देशों के आलोक में खरगोन जिले में कलेक्टर भव्या मित्तल के आदेश तथा सहायक आबकारी आयुक्त जिला-खरगोन के निर्देश पर अवैध मदिरा के विरुद्ध चलाये जा रहे लगातार विशेष अभियान के तहत आबकारी जिला-खरगोन के वृत्त- कसरावद में आज दिनांक 09.04.2026 को प्रभारी अधिकारी आबकारी नियंत्रण कक्ष, सजेन्द्र मोरी के मार्गदर्शन में अवैध मदिरा विक्रेताओं,पर बड़ी लगातार कार्रवाई करते हुए ग्राम बोरावा में आरोपी राज जायसवाल पिता पवन जायसवाल उम्र 20 वर्ष जाति कलाल निवासी बोरावा थाना कसरावद जिला खरगोन के मकान की विधिवत तलाशी लेने पर अलग अलग ब्रांड की विदेशी मदिरा की 04 बॉटल,260 पाव,देशी मदिरा प्लेन के 27 पाव तथा विदेशी मदिरा किंगफिशर व माउंट बियर की 21 केन जप्त की गई। इस प्रकार कुल 60.3 बल्क लीटर मदिरा जप्त की गई। जप्त मदिरा का बाजार मूल्य लगभग 55000 हजार रूपये है। आरोपी राज जायसवाल के विरुद्ध वृत्त प्रभारी ओमप्रकाश मालवीय आबकारी उपनिरीक्षक वृत कसरावद द्वारा मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। उक्त कार्यवाही में आबकारी आरक्षक शिवनारायण कटारे संतोष वर्मा तथा रीता सिंगोरिया का विशेष योगदान रहा। अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही निरन्तर जारी रहेगी।

### गांव बस्ती अभियान : विधायक पाटीदार ने वरिष्ठजनों का सम्मान कर, लाभार्थियों से किया संवाद



**खरगोन, निप्र।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे गांव/ बस्ती चलो अभियान के तहत शुक्रवार को विधायक बालकृष्ण पाटीदार गोगावां जनपद के ग्राम डाबरिया फाल्या और खरगोन जनपद के ग्राम रणगांव एवं बिरोठी पहुंचे। यहां निवासरत मजदूर सहित ग्रामीण परिवारों के बीच वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान करते हुए लाभार्थियों से संवाद किया। विधायक श्री पाटीदार ने ग्रामीणों से संवाद में लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया और सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए इनका लाभ लेने का आह्वान किया। विधायक श्री पाटीदार ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सेवा, समर्पण और राष्ट्रहित की भावना से कार्य करती है। गांव/ बस्ती चलो अभियान के माध्यम से कार्यकर्ता सीधे जनता के बीच जाकर उनकी समस्याएं सुन रहे हैं। पार्टी के पितृ पुरुष पंडित दिनदयाल जी मंशानुरुप योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। केंद्र और प्रदेश सरकार गरीबों, किसानों, महिलाओं और युवाओं के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। विधायक ने कहा जो लोग योजनाओं का लाभ उठा रहे है, वह छूटे हुए लोगों को जानकारी देकर उन्हें भी लाभांवित करें। समारोह में वरिष्ठजनों को फूल.मालाएं पहनाकर सम्मानित किया गया। उपस्थित लोगों ने वरिष्ठजनों के सामाजिक योगदान की सराहना करते हुए उनका अभिनंदन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा मंडल अध्यक्ष सहित ग्रामीणजन और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन का शुभारंभ



**खरगोन, निप्र।** समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन प्रारंभ होने के अवसर पर 10 अप्रैल को माँ रेवा वेयरहाउस, भीलगांव (कसरावद) में स्थापित उपार्जन केंद्र पर विधिवत पूजन-अर्चन कर गेहूं तुलाई कार्य का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों द्वारा अन्नदाता किसानों का माला पहनाकर एवं मुंह मीठा कराकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान किसानों को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन की व्यवस्था किसानों के हित में की गई है, जिससे उन्हें उनकी उपज का उचित मूल्य समय पर प्राप्त हो सके। उपार्जन केंद्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनुबाई तंवर, किसान मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी श्री राजीव पटेल, मंडल अध्यक्ष श्री दीपक पटेल, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि श्री बंटी तंवर, तुलाई केंद्र प्रभारी श्री नारायण तंवर, तहसीलदार श्री मुकेश मचार, नायब तहसीलदार सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी एवं किसान उपस्थित रहे। कार्यक्रम के पश्चात उपार्जन केंद्र पर गेहूं तुलाई का कार्य सुचारु रूप से प्रारंभ हुआ, जिससे किसानों में उत्साह एवं संतोष का वातावरण देखा गया।



# जन्म प्रमाण पत्र में मोनालिसा नाबालिग...

## फरहान और नाबालिक मोनालिसा की शादी विवादों में

नवभारत न्यूज

**महेश्वर, निप्र।** फरहान और नाबालिक मोनालिसा की शादी विवादों में प्रयागराज महाकुंभ में चर्चित वायरल गर्ल मोनालिसा और फरहान की शादी अब विवादों में घिरती हुई दिखाई दे रही है, क्योंकि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महेश्वर से प्राप्त जन्म प्रमाण पत्र के आधार पर अब तक मोनालिसा 16 वर्ष दो माह और 11 दिन की ही हो पाई है।

प्रमाण पत्र ने मोनालिसा को नाबालिग साबित कर दिया है जिसके चलते फरहान की मुश्किलें बढ़ती हुई दिखाई दे रही है। इस मामले में महेश्वर विधायक राजकुमार मेव हो और महेश्वर मंडल अध्यक्ष विक्रम पटेल ने नाबालिक मोनालिसा प्रकरण की पैरवी करते हुए फरहान के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं





वही नाबालिक मोनालिसा को लव-जिहाद प्रकरण को लेकर भी नाराजगी व्यक्त की है। शुक्रवार को प्रेस कांफ्रेंस के दौरान विधायक राजकुमार मेव ने मोनालिसा प्रकरण पर स्पष्ट रूप से अपनी बात रखते हुए कहा कि महेश्वर क्षेत्र में लव जिहाद जैसी घटनाएं हो रही है और इस घटना पर महेश्वर विधानसभा के साथ मध्य प्रदेश शासन भी कड़ी नजर रखे हुए हैं। विधायक राजकुमार मेव ने फरहान पर आरोप लगाते हुए कहा कि मोनालिसा को झूठी बातों में उलझा कर लव जिहाद का शिकार बनाया है। आज, मोनालिसा दस्तावेजों के आधार पर नाबालिक है और उसकी घर वापसी के हम पूरे प्रयास कर रहे हैं साथ ही लव-जेहाद के तहत फरहान ने षडयंत्र पूर्वक मोनालिसा को उलझाने का कार्य किया है उसके खिलाफ भी सख्त कार्यवाही करने की मध्य प्रदेश शासन और पुलिस विभाग से मांग की जा रही हैं। विक्रम पटेल महेश्वर मंडल अध्यक्ष ने जानकारी देते हुए बताया कि फर्जी दस्तावेजों के आधार पर मोनालिसा और फरहान की शादी होने की बातें सामने आई है लेकिन अब अनुसूचित जनजाति आयोग तथा महिला आयोग की छानबीन तथा महेश्वर के हिंदू संगठनों की सक्रियता के चलते सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महेश्वर से मोनालिसा का जन्म प्रमाण पत्र जो की वास्तविक है आने के बाद मोनालिसा नाबालिक साबित हुई है इस आधार पर फरहान और इस प्रकरण में मदद करने वाले उसके साथियों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी भाजपा मंडल अध्यक्ष विक्रम पटेल तथा विधायक राजकुमार मेव ने उन्हें बड़ी ही दमदारी के साथ महेश्वर तहसील में लव-जेहाद जैसी घटना के होने की बात कही है साथ ही इस बात की भी जानकारी दी है कि इन अपराधियों को जब पुलिस विभाग सजा देगा तो लव जिहाद जैसी घटनाओं की रोक होगी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर अतुल गौड़ बीएमओ ने जानकारी देते हुए बताया कि जन्म पंजीयन दस्तावेज के आधार पर मोनालिसा का जन्म 30 दिसंबर 2009 को होना पाया गया है इस आधार पर वह वर्तमान में 16 वर्ष की ही होती है। मोनालिसा की माता आशा भोसले ने हाथ जोड़ते हुए मध्य प्रदेश शासन तथा पुलिस प्रशासन से मोनालिसा को वापसी महेश्वर लाने की गुहार लगाई है। सूत्र यह भी बताते हैं कि मोनालिसा की मां और पिता के द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर महेश्वर पुलिस ने फरहान के खिलाफ प्रकरण भी दर्ज कर लिया है।

### सनावद में बारातियों से भरा आयशर वाहन 20 फीट गहरी खाई में गिरा





**सनावद, निप्र।** शादी की खुशी मातम में बदल गई। भांजी की शादी में कुंवारी देकर लौट रहे ग्रामीणों से भरा आईसर (Eicher) वाहन अनियंत्रित होकर सड़क से फिसल गया और 20 फीट गहरी खाई में जा गिरा। हादसा इतना भीषण था कि वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। स्थानीय ग्रामीणों और राहगीरों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू अभियान शुरू किया। समय रहते सभी यात्रियों को खाई से बाहर निकाल लिया गया, अन्यथा जान-माल का अधिक नुकसान हो सकता था। इस दुर्घटना में 36 लोग घायल हो गए, जिनमें से 14 की हालत गंभीर बताई जा रही है। गंभीर घायलों को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल या इंदौर रेफर किया गया है। दुर्भाग्यवश, हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान की जा रही है। पुनासा और बड़वाह के एसडीएम सहित पुलिस प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग और स्थानीय अधिकारियों का अमला तुरंत घटनास्थल और अस्पताल पहुंचा। घायलों को प्राथमिक उपचार देकर आगे के इलाज की व्यवस्था की गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, ओवरलोडिंग या तेज रफ्तार हादसे की मुख्य वजह हो सकती है। क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। परिजनों ने प्रशासन से उचित मुआवजा और घायलों के बेहतर इलाज की मांग की है। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने और शोक संतप्त परिवारों को दुख सहन करने की शक्ति की कामना करते हैं।

## बरातियों को पिकअप ने कुचला, 28 घायल, 7 को मंडलेश्वर भेजा

**मंडलेश्वर, निप्र।** गुजर मोहना बारात मे हुए हादसे मे घायल 28 बरातियों मे से 07 घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मंडलेश्वर भेजा गया। जहां लगभग 01 बजे घायलों का इलाज करने मे हॉस्पिटल के सभी डॉक्टर्स प्रभारी मेडिकल आफिसर डॉ विशाल बामनिया डॉ सुजीत यादव डॉ किरण वर्मा डॉ राघवेंद्र सिंह मंडलोई डॉ राकेश पाटीदार डॉ प्रिंस और नर्सिंग व पैरामेडिकल स्टॉफ ने घायलों का प्राथमिक उपचार किया।



कुछ घायलों की स्थिति को देखते हुए उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय खरगोन रेफर किया गया। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ विशाल बामनिया ने बताया की घायल रेखा चंदेल उम्र 25 वर्ष गंभीर अंदरूनी चोट लगी होने से ब्लीडिंग हो रही थी इसलिए उन्हें खरगोन रेफर किया गया। आशापुर की 14 वर्षीय सलोनी का पैर फ्रेक्चर होने से, 65 वर्षीय अवंती बाई का कंधा फ्रेक्चर होने, 40 वर्षीय सरिता भादर के हाथ पैर मे फ्रेक्चर होने तथा 22 वार्षिय उर्मिला राजू के कान से लगातार ब्लडिंग होने के कारण उनको खरगोन भेजा गया है।

**पुलिस और प्रशासन पहुंचा घायलों का हाल जानने:-** गुजर मोहना की एक शादी मे हुए हादसे मे घायल बरातियों का हाल जानने अनुविभागीय पुलिस अधिकारी श्वेता शुक्ला नायब तहसीलदार संजय बावेल भी पहुंचे और उन्होंने घायलों से व चिकित्सको से चर्चा की।

एसडीओ पी श्वेता शुक्ला मेम ने घायलों और उनके साथ आए परिजनों से घटना के सम्बन्ध मे भी जानकारी ली। आपने पत्रकारों से चर्चा मे बताया की प्रारम्भिक जानकारी के अनुसार अनियंत्रित पिक अप वाहन ने नाच रहे बरातियों को कुचल दिया जिससे कुछ लोग घायल हुए हैं जिनमे से 21 का उपचार महेश्वर और 7 को मंडलेश्वर भेजा गया है। मंडलेश्वर से 4 गंभीर मरीज खरगोन रेफर किए गए हैं। घटना की पएफ आई आर थाना महेश्वर मे दर्ज की जाएगी।

### कॉलेज में सिकल सेल जागरूकता कार्यक्रम



**खरगोन, निप्र।** शासकीय कन्या महाविद्यालय खरगोन (GDC) एवं ऑनलाइन सर्विस एसोसिएशन (OSA) के मध्य हुए एमओयू के अंतर्गत प्रथम संयुक्त कार्यक्रम का आयोजन 10 अप्रैल 2026 को महाविद्यालय परिसर में प्राचार्य डॉ. आरके यादव की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सिकल सेल एनीमिया के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं युवाओं को इस गंभीर आनुवांशिक रोग के संबंध में शिक्षित करना रहा। कार्यक्रम के दौरान सिकल सेल रोग से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत सत्र आयोजित किए गए, जिनमें विद्यार्थियों को रोग के कारण, लक्षण, रोकथाम, समय पर जांच एवं उपलब्ध उपचार विकल्पों की जानकारी दी गई। वक्ताओं द्वारा बताया गया कि जागरूकता एवं प्रारंभिक जांच के माध्यम से सिकल सेल रोग के प्रभाव को काफी हद तक कम किया जा सकता है। इस अवसर पर ह्र्र की ओर से श्री विनीत असरोदिया, फाउंडेशन प्रतिनिधि श्री पंकज परिहार, पराग सागर फाउंडेशन से श्री पराग सागर तथा सिकलसेल सक्षम राजस्थान फाउंडेशन की ओर से श्री ललित परगी विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने अपने उद्बोधन में सिकल सेल जागरूकता को सामाजिक आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम को नोवो नोरडिस्क का सहयोग एजुकेशन मटेरियल के रूप में प्राप्त हुआ। साथ ही जिला चिकित्सालय खरगोन के सहयोग से लगभग 150 विद्यार्थियों की सिकल सेल स्क्रीनिंग भी की गई, जिससे रोग की प्रारंभिक पहचान सुनिश्चित की जा सके। कार्यक्रम के समापन अवसर पर विद्यार्थियों को 'सिकल सेल मित्र' प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

## मध्य प्रदेश की 6 उप जेलों में 'ओपन जिम' की शुरुआत



**कसरावद, निप्र।** मध्यप्रदेश के जेल महानिदेशक डॉ. वरुण कपूर द्वारा राज्य की 6 उप जेलों में स्टाफ एवं उनके परिवारजनों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए 'ओपन जिम' का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया गया।

इस पहल का मुख्य उद्देश्य जेल स्टाफ के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य में सुधार करना तथा जेल परिसरों में आधुनिक सुविधाओं का विस्तार करना है। इस अवसर पर बताया गया कि जेल में कार्यरत स्टाफ को तनावमुक्त रखने, मानसिक रूप से सशक्त बनाने और शारीरिक रूप से फिट रहने के लिए प्रेरित करने हेतु यह पहल की गई है। ओपन जिम में आधुनिक व्यायाम उपकरण स्थापित किए गए हैं, जिनका उपयोग जेल स्टाफ एवं उनके परिवार के सदस्य कर सकेंगे। इसी क्रम में आज खरगोन जिले के उप जेल कसरावद में भी ओपन जिम का वर्चुअल उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में सुश्री शैफाली तिवारी, जेल अधीक्षक केंद्रीय जेल बड़वानी, धर्मवीर सिंह उमरैया (सहायक अधीक्षक, उप जेल कसरावद), पेरालीगल वालंटियर आकिल खान सहित जेल स्टाफ एवं उनके परिवारजन एवं बच्चे उपस्थित रहे। श्री सत्येंद्र बेरवा (पदेन जेल अधीक्षक एवं अनुविभागीय अधिकारी, ऑनलाइन वर्चुअल उपस्थित रहे।

## सांदीपनि विद्यालय बिस्टान में करियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन





**बिस्टान, निप्र।** शा.सांदीपनि विद्यालय बिस्टान में करियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इसमें काउंसलर के रुप में के.सी.भालेकर पुर्व प्राचार्य बिस्टान और श्री सत्यनारायण मालवीय सर प्राचार्य नागझिरी ने छात्रों एवं छात्राओं को आगे की कक्षाओं में विषय चयन अपने करियर का निर्धारण अपनी रुचि के अनुसार विषय चयन आई आई टी, जे ई मिन्स, मेडिकल लाईन में विभिन्न डिग्रीयों की जानकारी, इंजीनियरिंग में करियर, समाजशास्त्र और राजनीति में करियर और आई एस,आई पी एस में करियर का चुनाव बहुत ही सुन्दर तरीके से दोनों काउंसलर ने मार्गदर्शन किया बच्चों ने भी सवाल जवाब किए कार्यक्रम में संस्था प्राचार्य श्री बलराम भंवर, जितेन्द्र चौहान, श्री ओमप्रकाश भालसे सर, श्री मयुर निखोरिया सर, श्रीमती शीतल दांगी मेडम, श्री के.सी.पाटीदार सर, श्री मंडलोई सर, श्री लक्की तिवारी सर, श्री भगवान भालसे सर, श्री कुमरावत सर, श्रीमती सीमा शर्मा मेडम, श्रीमती रेखा सिंह गौड़ मेडम, श्रीमती रानी कासार मेडम, श्री राजेन्द्र भार्गव सर, श्री गंगाराम मोरे सर, श्री शिवशंकर पाटील एवं समस्त स्टाफ और बच्चे उपस्थित थे।

एक नजर में

स्कूली छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम में दी रंगारंग प्रस्तुति...

# प्रियदर्शिनी पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल बोरावां में वार्षिकोत्सव - 2026 का भव्य आयोजन

नवभारत न्यूज

**खरगोन, निप्र।** प्रियदर्शिनी पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल, बोरावां में वार्षिकोत्सव 2026 का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास एवं भव्यता के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में शिक्षा, संस्कृति एवं प्रतिभा का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आशीष मोदी (बिजनेस हेड, मिलन ग्रुप, इंदौर), विशेष सम्माननीय अतिथि आदित्य कासलीवाल (प्रतिष्ठित व्यवसायी, इंदौर) तथा विशेष अतिथि राहुल डोशी (प्रतिष्ठित व्यवसायी, इंदौर) उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कसरावद क्षेत्र के जनप्रतिनिधि पूर्व कृषि मंत्री एवं विधायक सचिन सुभाषचंद्र यादव की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा माँ भगवती शारदा एवं श्रद्धेय सुभाषचंद्र यादव जी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन, पूजन एवं माल्यार्पण के साथ किया गया। इसके पश्चात विद्यालयीन छात्र-छात्राओं द्वारा सुमधुर ऑर्केस्ट्रा समूह के माध्यम से भक्ति गीत, सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत की



मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं। कक्षा एक के नन्हे बच्चों द्वारा भगवान बाल गणेश की वंदना पर आधारित आकर्षक नृत्य प्रस्तुति ने उपस्थित अतिथियों एवं दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान संस्था के उप प्राचार्य द्वारा मंचासीन अतिथियों का विस्तृत परिचय प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम के अध्यक्ष सचिन सुभाषचंद्र यादव द्वारा मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों का पुष्पगुच्छ, शॉल एवं श्रीफल से सम्मान किया गया। वहीं संस्था के प्राचार्य डॉ. नितिन मिश्रा ने कार्यक्रम के आयोजक एवं अध्यक्ष सचिन यादव का सम्मान कर आभार व्यक्त किया। प्राचार्य ने प्रस्तुत किया वार्षिक प्रतिवेदन इस



अवसर पर संस्था के प्राचार्य डॉ. नितिन मिश्रा ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए विद्यालय की उत्तरोत्तर प्रगति का विस्तृत विवरण दिया। उन्होंने छात्र-छात्राओं की शैक्षणिक, व्यावसायिक एवं खेल प्रतियोगिताओं में विभिन्न स्तरों पर अर्जित उपलब्धियों से सभी को अवगत कराते हुए कहा कि विद्यालय के विद्यार्थियों ने नीट, आईआईटी, एनआईटी, एचसीएल जैसी प्रतिष्ठित संस्थाओं में चयन प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। साथ ही अनेक विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। कार्यक्रम में प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि, विशेष अतिथि एवं अध्यक्ष सचिन सुभाषचंद्र यादव द्वारा विभिन्न स्तरों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। इस अवसर पर जयेश राजेश पाटीदार, माही विजय यादव एवं शिव शिवराम सिसोदिया को राष्ट्रीय स्तर पर सहभागिता के लिए पुरस्कृत किया गया। वहीं मोहित कमल मंडलोई एवं सौरभ मधुराम यादव को माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित सत्र 2024-25 की हाई स्कूल परीक्षा में 96.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में द्वितीय स्थान अर्जित करने पर संस्था द्वारा टैबलेट प्रदान कर सम्मानित किया गया।

प्रियदर्शिनी स्कूल बोरावां, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का सशक्त मंच - सचिन यादव मुख्य अतिथि श्री आशीष मोदी ने अपने उद्बोधन में संस्था द्वारा शैक्षणिक क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारों एवं प्रयासों की सराहना करते हुए पालकों एवं विद्यार्थियों को बधाई दी तथा विद्यालय को क्षेत्र का उत्कृष्ट शैक्षणिक संस्थान बताया। वहीं कार्यक्रम के अध्यक्ष सचिन सुभाषचंद्र यादव ने अपने संबोधन में संस्था की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि एवं जनकल्याणकारी उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने कहा कि विद्यालय की स्थापना वर्ष 1996 में पूज्य स्व सुभाष यादव द्वारा की गई थी। यह संस्था केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का सशक्त मंच है, जहाँ उनके सपनों को साकार रूप दिया जाता है। विद्यालय का उद्देश्य प्रारंभ से ही ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण, संस्कारयुक्त एवं आधुनिक शिक्षा प्रदान करना रहा है, जिसमें निरंतर सफलता प्राप्त हो रही है। विद्यालय क्षेत्र की प्रतिभाओं को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।